# **<u>श्री राजेश कुमार द्विवेदी, निदेशक (वित्त), बीएचईएल को सीएफओ आउटस्टैंडिंग परफ़ॉर्मर पुरस्कार से सम्मानित किया गया</u>**




नई दिल्ली, 24 जून: श्री राजेश कुमार द्विवेदी, निदेशक (वित्त), बीएचईएल को इंस्टीट्यूट ऑफ कॉस्ट अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया (आईसीएमएआई) द्वारा 'सार्वजनिक-विनिर्माण-मेगा' श्रेणी में प्रतिष्ठित 'सीएफओ आउटस्टैंडिंग परफ़ॉर्मर पुरस्कार 2024' से सम्मानित किया गया है।

उन्होंने नई दिल्ली के विज्ञान भवन में आयोजित एक समारोह में लोकसभा के माननीय सांसद और वित्त संबंधी स्थायी समिति के अध्यक्ष श्री भर्तृहरि महताब से यह पुरस्कार प्राप्त किया।

शीर्ष वित्त पेशेवरों के समूह में से चुने गए, श्री द्विवेदी को बीएचईएल में लागत प्रबंधन को संचालित करने में उनकी परिवर्तनकारी भूमिका और मूल्य सृजन में उनके योगदान के लिए पुरस्कृत किया गया । उनके इन्ही महत्वपूर्ण योगदान के परिणामस्वरूप बीएचईएल में परिचालन उत्कृष्टता और व्यावसायिक प्रदर्शन में वृद्धि हुई है।

32 वर्षों से अधिक के विविध अनुभव के साथ, श्री द्विवेदी बीएचईएल में नवीन लागत अनुकूलन रणनीतियों और मजबूत जोखिम शमन ढांचे को लागू करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं।
उनके नेतृत्व ने कंपनी की वित्तीय सेहत को मजबूत करने और हितधारकों का विश्वास बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

सीएमए सीएफओ पुरस्कार विभिन्न क्षेत्रों के मुख्य वित्तीय अधिकारियों के उत्कृष्ट योगदान को मान्यता देता है, लागत प्रबंधन, मूल्य सृजन और संरक्षण, कॉर्पोरेट गवर्नेंस, ऊर्जा दक्षता और संरक्षण, और जोखिम प्रबंधन में उनके नेतृत्व को मान्यता देता है, जो सभी व्यवसाय प्रदर्शन और स्थिरता को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण हैं ।